दिन– बुधवार | दिनांक– 08/04/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. पश्चिम एशिया संकट के मुद्दे पर भारत ने स्थायी शांति की उम्मीद जताई। पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी।

02 केंद्र सरकार ने खरीफ सीजन दो हजार छब्बीस के लिए उर्वरकों पर सब्सिडी को मंजूरी दी।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दस अप्रैल को राज्यसभा सदस्य के रूप में लेंगे शपथ। शपथ ग्रहण के बाद नई सरकार के गठन की प्रक्रिया होगी शुरू।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी।

---

भारत ने अमरीका और ईरान के बीच हुए युद्धविराम का स्वागत करते हुए स्थायी शांति की उम्मीद जताई है। नई दिल्ली में अंतरमंत्रालयी प्रेसवार्ता में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत हमेशा से कूटनीति और संवाद के जरिए तनाव कम करने का पक्षधर रहा है। उन्होंने बताया कि भारत ने होर्मुज जलडमरूमध्य में निर्बाध आवाजाही की आवश्यकता पर भी जोर देते हुए क्षेत्र में शांति और स्थिरता की प्रतिबद्धता दोहराई है।

–––साउंड बाइट–––

---

संवाददाता सम्मेलन में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश भर में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और सामान्य आपूर्ति जारी है। उन्होंने कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी गई ताकि घरों तक सौ प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके और व्यावसायिक एलपीजी की आपूर्ति को विनियमित किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पीएनजी कनेक्शनों का विस्तार किया है और व्यावसायिक एलपीजी की आपूर्ति को भी चरणबद्ध तरीके से बढ़ाया है।

–––साउंड बाइट–––

---

इधर, प्रदेश के सभी जिलों में एलपीजी की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि जिलाधिकारी एलपीजी की उपलब्धता की समीक्षा के लिए लगातार गैस एजेसिंयों और तेल विपणन कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रहे हैं।

---

केंद्र सरकार ने खरीफ सीजन दो हजार छब्बीस के लिए फॉस्फेटिक और पोटेशियम युक्त उर्वरकों पर सब्सिडी दरों को मंजूरी दे दी है। नई दिल्ली में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस पर लगभग इकतालीस हजार पांच सौ चौंतीस करोड़ रुपये की लागत आएगी। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से किसानों को रियायती, किफायती और उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध हो सकेगा।

---साउंड बाइट---

---

भारतीय रिजर्व बैंक ने नीतिगत ब्याज दर, रेपो रेट को पांच दशमलव दो–पांच प्रतिशत बनाये रखा है। मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिए पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए आरबीआई के गर्वनर संजय मल्होत्रा ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने सर्वसम्मति से रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं करने का निर्णय लिया है।

---

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के आज ग्यारह वर्ष पूरे हो गए हैं। यह योजना वर्ष दो हजार पंद्रह में शुरू हुई थी। एक रिपोर्ट...

---रिपोर्ट---

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत अब तक चालीस लाख करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के लगभग 58 करोड़ ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। इनमें से दो तिहाई ऋण महिला उद्यमियों को दिए गए हैं। इस योजना के तहत सूक्ष्म और लघु उद्यमों को 20 लाख रुपये तक का लोन प्रदान किया जाता है। मुद्रा योजना के तहत चार श्रेणियों में लोन दिए जाते हैं। इसके तहत शिशु में पचास हजार तक का लोन, किशोर के तहत पचास हजार से पांच लाख, तरूण के तहत पांच लाख से दस लाख और तरूण प्लस के तहत दस लाख से बीस लाख तक का लोन दिया जा रहा है। दीपेन्द्र कुमार आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना युवाओं में स्वरोजगार को बढ़ावा देने में बहुत लाभकारी सिद्ध हुई है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि इस योजना की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि जब लोगों को सही अवसर मिलते हैं, तो वे आत्मनिर्भर बन सकते हैं और राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

---

महिला और बाल विकास मंत्रालय कल से देशभर में पोषण पखवाड़ा के आठवें संस्करण का आयोजन करेगा। पोषण पखवाड़ा का विषय है– **जीवन के पहले छह वर्ष में मस्तिष्क का अधिकतम विकास।** पोषण के महत्व पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि एक स्वस्थ बच्चा ही एक मजबूत राष्ट्र की नींव है। उन्होंने कहा कि पोषण अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि हर मां और बच्चे के लिए संपूर्ण पोषण सुनिश्चित करने का एक जन आंदोलन है।

---

जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दस अप्रैल को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता और संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने आज पटना में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शपथ ग्रहण के बाद मुख्यमंत्री अपने पद से इस्तीफा देंगे और उसके बाद नये मुख्यमंत्री के चयन को लेकर एनडीए के घटक दलों की बैठक होगी। श्री चौधरी ने कहा कि बैठक में सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री का चयन किया जाएगा।

---साउंड बाइट---

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज चार हजार नौ सौ चौवन एएनएम को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

---

राज्य सरकार ने जनगणना दो हजार सत्ताईस के सफल संचालन के लिए जनगणना कार्य में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों और कर्मियों के स्थानांतरण पर रोक लगा दी है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सह– राज्य जनगणना समन्वयक सी.के. अनिल ने इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को पत्र जारी किया है।

---

खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह ने कहा है कि खरीफ विपणन वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस में छत्तीस लाख उनासी हजार मीट्रिक टन धान अधिप्राप्ति हुई। आज पटना में पिछले वित्तीय वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए श्रीमती

सिंह ने बताया कि अभी तक बारह लाख छह सौ मीट्रिक टन चावल की अधिप्राप्ति भी हो चुकी है।

———साउंड बाइट———

—————————————————————

बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार आज दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित ''बिहार गौरव महोत्सव दो हजार छब्बीस में शामिल हुए। उन्होंने बिहार की गौरवशाली परंपरा, सांस्कृतिक विरासत और युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।

—————————————————————

कटिहार रेलवे स्टेशन पर सोलर पावर प्लांट के माध्यम से विद्युत आपूर्ति शुरू हो गयी है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के महाप्रबंधक चेतन श्रीवास्तव ने आज एक दशमलव एक मेगावाट के सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि इससे रेलवे को प्रतिवर्ष डेढ़ करोड़ रुपये की बचत होगी।

———साउंड बाइट———

—————————————————————

अररिया के जिलाधिकारी विनोद दूहन की अध्यक्षता में आज मिशन शक्ति योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में महिला सशक्तिकरण को लेकर जिले में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत नगर क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा विज्ञान और तकनीक से संबंधित प्रशिक्षण केंद्र तथा डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने का निर्देश जिला प्रोग्राम पदाधिकारी को दिया।

—————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज गया, औरंगाबाद, अरवल, भोजपुर, पटना और समस्तीपुर समेत कई जिलों में तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि कल राज्य के उत्तर–मध्य, उत्तर–पूर्वी और दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में बारिश की संभावना है। इस दौरान तेज हवा के साथ वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है। विभाग ने कहा है कि अगले चौबीस

घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट का पूर्वानुमान है।

---साउंड बाइट---

---

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने सारण जिले के डोरीगंज थाना में पदस्थापित दारोगा मोहित मोहन को नौ हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दारोगा एक मामले में शिकायकर्ता को मदद करने के एवज में घूस ले रहा था।

---

समस्तीपुर जिले के शिवाजी थाना क्षेत्र अंतर्गत बरियाही घाट पर तीन सगे भाईयों की डूबने से मौत हो गई। तीनों शव बरामद कर लिये गए हैं।

---

कैमूर जिला मुख्यालय, भभुआ स्थित एक रेस्तरां में विषाक्त भोजन खाने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य बीमार हो गये। पुलिस ने इस मामले में रेस्तरां को सील कर खाद्य पदार्थ के सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया है।

---

बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार ने मधुबनी में स्थाई लोक अदालत का गठन किया है। सेवानिवृत्त जिला और अपर सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार सिंह लोक अदालत के अध्यक्ष बनाए गए हैं, जबकि मोहम्मद कमरे आलम को गैर न्यायिक सदस्य नियुक्त किया गया है।

---

औरंगाबाद जिले के नवीनगर प्रखंड के पौराणिक और धार्मिक स्थल गजनाधाम में आज से दो दिवसीय गजना महोत्सव प्रारंभ हो गया है। महोत्सव का उद्घाटन औरंगाबाद के सांसद अभय कुमार सिन्हा, विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह और विधायक ललन राम ने संयुक्त रूप से किया।

---

रोहतास जिले के शिवसागर में भारतीय ज्ञान परंपरा पर आज से दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार की शुरुआत हुई। सेमिनार के पहले दिन आज भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न आयामों पर गहन विचार–विमर्श किया गया तथा नई पीढ़ी के लिए इसकी उपयोगिता पर चर्चा हुई।

---

गया जिले के बांकेबाजार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को कायाकल्प कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर राज्य सरकार द्वारा एक लाख रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जायेगी।

---

सुपौल जिले में ऑपरेशन मुस्कान के तहत सत्तर मोबाईल धारकों को चोरी और गुम हुए मोबाईल फोन सौंपे गए। वहीं, शेखपुरा में पच्चीस लोगों को उनके लापता मोबाइल सुपुर्द किये गए।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. पश्चिम एशिया संकट के मुद्दे पर भारत ने स्थायी शांति की उम्मीद जताई। पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी।

02 केंद्र सरकार ने खरीफ सीजन दो हजार छब्बीस के लिए उर्वरकों पर सब्सिडी को मंजूरी दी।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दस अप्रैल को राज्यसभा सदस्य के रूप में लेंगे शपथ। शपथ ग्रहण के बाद नई सरकार के गठन की प्रक्रिया होगी शुरू।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।